दिन– मंगलवार | दिनांक– 14 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का अब से थोड़ी देर बाद पटना के दीघा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार।

02. लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– अगले कार्यकाल में देशभर से समाप्त होगा नक्सलवाद और आतंकवाद।

03. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नालंदा, पटना साहिब, जहानाबाद, आरा और काराकाट समेत आठ संसदीय क्षेत्रों में लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया समाप्त।

04. और, राज्य में अब बिना दाखिल–खारिज के भी जमीन की खरीद–बिक्री हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर लगायी रोक।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का अब से थोड़ी देर बाद पटना के दीघा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनका कल रात दिल्ली एम्स में निधन हो गया था। सुशील कुमार मोदी बहत्तर वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। पटना पहुंचने पर उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए राजेन्द्र नगर स्थित निजी आवास और विजय निकेतन संघ कार्यालय लाया गया। बाद में उनका पार्थिव शरीर विधानमंडल परिसर लाया गया जहां विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनों के लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय में रखा गया। उनके अंतिम संस्कार में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी शामिल होंगे। सुशील कुमार मोदी को आकाशवाणी समाचार की एक श्रद्धांजलि।

–––बाईट–––

बिहार की राजनीतिक में लगभग पांच दशक तक अलग–अलग भूमिकाओं में सक्रिय रहे सुशील कुमार मोदी जे.पी. आंदोलन की उपज माने जाते हैं। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में छात्र राजनीति की शुरूआत की थी। आपातकाल के दौरान वे उन्नीस महीने तक जेल में रहे। वर्ष उन्नीस सौ नब्बे में सुशील कुमार मोदी ने तत्कालीन पटना सेन्ट्रल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और उन्हें जीत मिली। सुशील मोदी उन चुनिंदा राजनेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा में प्रतिनिधित्व किया। वे नीतीश कुमार के मुख्यमंत्रित्व काल में लगभग ग्यारह वर्षों तक उपमुख्यमंत्री भी रहे। नीतीश कुमार और सुशील मोदी की जोड़ी को बिहार की राजनीति में हमेशा याद किया जायेगा। इस साल फरवरी महीने में राज्य सभा में अपने

कार्यकाल की समाप्ति के मौके पर सुशील कुमार मोदी ने अपने राजनीतिक जीवन के सुनहरे पलों को याद किया था।

———बाईट—मोदी———

सुशील मोदी को अपने कुशल वित्तीय प्रबंधन के लिए भी जाना जाता था। बिहार के वित्त मंत्री रहते हुये उनके लिये गये कई फैसले नजीर माने जाते हैं। जुलाई दो हजार ग्यारह में वे जीएसटी के कार्यान्वयन के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष नियुक्त किये गये थे। सुशील कुमार मोदी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी शोक संवेदना जतायी है।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है उनकी सरकार ने देश में नक्सली हिंसा पर रोक लगायी है। श्री मोदी झारखंड के कोडरमा में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले कार्यकाल में वे नक्सलवाद और आतंकवाद पर और कड़ा प्रहार करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के निधन के कारण आज पार्टी के स्टार प्रचारकों ने चुनाव प्रचार कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तबीयत खराब होने के चलते सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये। इधर, इंडी गठबंधन की ओर से राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश साहनी ने संयुक्त रूप से मधुबनी और सीतामढ़ी में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेता भी विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में अपने—अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लगातार प्रचार अभियान चला रहे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए लगातार जन सम्पर्क अभियान चला रहे हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन का काम आज समाप्त हो गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इधर, पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अविजित ने भी अपना पर्चा दाखिल किया। सातवें चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों— नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, जहानाबाद, आरा, बक्सर, सासाराम और काराकाट में चुनाव होने हैं। नामांकन पत्रों की जांच कल की जायेगी।

वहीं, उम्मीदवार सत्रह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण में एक जून को मतदान होना है।

———————————————————————————————

छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह आज औपचारिक रूप से जदयू में शामिल हो गये। पटना में आयोजित मिलन समारोह में उन्हें जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। श्री सिंह ने पिछले दिनों राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

———————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन—क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात सीवान लोकसभा सीट की। सीवान बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन— क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट—

———बाईट———

भारत के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जन्मस्थली; सिवान राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। 1957 में अस्तित्व में आए इस लोकसभा सीट पर शुरुआती दिनों में कांग्रेस का प्रभुत्व रहा। वहीं, एक दौर में यह सीट बाहुबली शहाबुद्दीन को लेकर भी काफी चर्चा में रही। पिछले दो लोकसभा चुनावों से इस सीट पर भाजपा और जद यू को जीत मिलती रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सिवान से जद यू की कविता सिंह को जीत मिली थी। उन्होंने राजद की हिना शहाब को पराजित किया था। हिना शहाब पूर्व सांसद शाहबुद्दीन की पत्नी हैं। इस बार एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत यह सीट जद यू के खाते में आई है। पार्टी ने निवर्तमान सांसद कविता सिंह की जगह विजयलक्ष्मी देवी को उम्मीदवार बनाया है। विजयलक्ष्मी देवी जीरादेई से पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा की पत्नी हैं और पिछले दिनों उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छोड़कर जद यू में शामिल हुई हैं। वहीं, विपक्षी गठबंधन ने राजद से पूर्व विधानसभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री चौधरी वर्तमान में सिवान सदर से विधायक हैं। पूर्व सांसद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं। सिवान सीट पर कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं लेकिन जद यू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब के बीच ही त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो लोकसभा क्षेत्र के 6 में से 5 सीटों पर विपक्षी गठबंधन के विधायक हैं। सिर्फ एक सीट पर भाजपा का कब्जा है। सिवान, रघुनाथपुर और बड़हरिया पर राजद तो जीरादेई और दरौली पर भाकपा माले का कब्जा है। दरौंदा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। स्थानीय मुद्दों की बात करें तो क्षेत्र का पिछड़ापन, बेरोजगारी, महंगाई और पलायन प्रमुख हैं। लेकिन इन मुद्दों से अलग सभी प्रत्याशी सामाजिक समीकरणों की बदौलत अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के लगभग 19 लाख मतदाता जद यू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब में से किसके सर जीत का सेहरा बांधते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सिवान से आकाश कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से कसीम अहमद।

———————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के खिलाफ फेसबुक पर गलत खबर चलाने को लेकर पटना के कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि मुकेश सहनी ने वीआईपी के आधिकारिक फेसबुक पेज पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के उनके पार्टी में शामिल होने की खबर साझा की है, जो पूरी तरह निराधार है।

———————————————————————————————

राज्य में अब बिना दाखिल—खारिज के भी जमीन की खरीद—बिक्री हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि जमीन की खरीद—बिक्री तभी हो सकती है, जब जमीन बेचने वाले के नाम जमाबंदी या होल्डिंग हो। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने दस अक्टूबर दो हजार उन्नीस को बिहार निबंधन नियमावली में संशोधन किया था। संशोधित नियम के अनुसार

जमीन की खरीद–बिक्री और दान तभी हो सकती है जब जमीन बेचने वाले और दान देने वाले के नाम से जमाबंदी या होल्डिंग कायम हो। नये नियम के प्रभावी होने के बाद राज्य में जमीन की रजिस्ट्री में साठ से सत्तर प्रतिशत तक की कमी आ गयी थी।

---

राम चरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक–लोकन को यूनेस्को के विश्व एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय अनुस्मरण रजिस्टर में शामिल किया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने बताया है कि यह समावेशन भारत के लिए एक गौरव की बात है, जिससे देश की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत की पुष्टि होती है।

---

राज्य के सभी सरकारी विद्यालय सोलह मई से सुबह छह बजे से दोपहर बारह बजे तक संचालित होंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि यह समय–सारणी तीस जून तक प्रभावी रहेगी।

---

अररिया की विशेष उत्पाद अदालत ने  शराब तस्करी के मामले में दोषी मोहम्मद बरकत को पांच साल कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इधर, शेखपुरा की उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के मामले में उपेन्द्र कुमार को दोषी ठहराया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के सेमरा घाट में सिकरहना नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गयी।

---

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र में उसराहा चोढ़ली जमींदारी बांध के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने हथियार के बल पर एक व्यक्ति से लगभग चार लाख रुपए और मोबाइल लूट लिये।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का अब से थोड़ी देर बाद पटना के दीघा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार।

02. लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– अगले कार्यकाल में देशभर से समाप्त होगा नक्सलवाद और आतंकवाद।

03. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नालंदा, पटना साहिब, जहानाबाद, आरा और काराकाट समेत आठ संसदीय क्षेत्रों में लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया समाप्त।

04. और, राज्य में अब बिना दाखिल–खारिज के भी जमीन की खरीद–बिक्री हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर लगायी रोक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।